हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 24 अगस्त 2025

04 शनि अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने नर्मदा में लगाई ...



07 'कांग्रेस में हिम्मत है तो लाड़ली बहनों को बोरी में ...





## खबर संक्षेप



### 27 से 10 दिवसीय गणेशोत्सव शुरू

**सीहोर।** आगामी गणेश चतुर्थी पर शहर के प्राचीन स्वयंभू पेशवा कालीन श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में 27 अगस्त से 10 दिवसीय गणेशोत्सव का आयोजन होगा। कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक शुक्ला ने अधिकारियों को सुरक्षा, स्वास्थ्य और यातायात व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मेला परिसर और मार्गों पर बिजली के कनेक्शन सुरक्षित स्थानों पर रखने और नो-मैन जोन बनाने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग के कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी रहेगी। आयोजन स्थल पर एम्बुलेंस, जीवन रक्षक दवाएं और मिनी आईसीयू सेटअप की व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात नियंत्रण, बैरिकेडिंग और ट्रैफिक डायवर्जन किए जाएंगे। कंट्रोल रूम में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। मंदिर परिसर में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम और झूलों का सुरक्षा ऑडिट भी होगा।

### 24 घंटे में 0.46 इंच गिरा पानी


**सीहोर।** पिछले 24 घंटे में जिले में 0.46 इंच औसत बारिश दर्ज की गई। सबसे ज्यादा बारिश सीहोर में 0.92 इंच रही। इसके बाद आष्टा में 0.79 इंच और श्यामपुर में 0.59 इंच गिरा पानी। इछावर में 0.43 इंच, भैरूंदा में 0.28 इंच, रेहटी में 0.28 इंच, बुधनी में 0.20 इंच और जावर में 0.16 इंच वर्षा दर्ज की गई। एक जून से अब तक जिले में 30.68 इंच औसत वर्षा हुई है। पिछले साल इसी अवधि में 31.62 इंच वर्षा हुई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 45.21 इंच है। अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार एक जून से 22 अगस्त तक बुधनी में सबसे ज्यादा 42.32 इंच वर्षा हुई। रेहटी में 40.33 इंच, इछावर में 30.21 इंच, सीहोर में 29.82 इंच, भैरूंदा में 29.53 इंच, श्यामपुर में 28.38 इंच, आष्टा में 24.25 इंच और जावर में 20.56 इंच बारिश दर्ज की गई।

### अस्थाई कनेक्शन लेकर ही झांकी-पंडाल की सज्जा करें

**सीहोर।** गणेशोत्सव त्यौहार तथा अन्य त्यौहारों में पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए विद्युत वितरण कंपनियों ने माकूल प्रबंध किए हैं। बिजली कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झाँकियों में बिजली साज-सज्जा,नियमानुसार ऑनलाइन अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें। बिजली कंपनी के पोर्टल पर जाकर निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए अस्थायी कनेक्शन के लिये ऑनलाइन आवेदन करें।

### वार्ड में संत रविदास मंदिर, डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क दोनों की अनदेखी, डेढ़ साल से नलों से आ रहा गंदा पानी

# निर्दलीय लोकेंद्र पर जताया था विश्वास फिर भी उम्मीद के अनुरूप नहीं विकास!



**फैक्ट फाइल**

**4000** आबादी

**2968** मतदाता (2022 के अनुसार)

**800** मकानों की संख्या

**प्रमुख क्षेत्र :** अंबेडकर नगर, मुर्दी, खटीक मोहल्ला

**सीहोर।** वार्ड क्रमांक 11 स्थित अंबेडकर पार्क में इस तरह से मवेशी डेरा जमाए बैठे रहते हैं। साथ ही पार्क में झूले टूट पड़े हैं व पेवर ब्लॉक निकल रहे हैं।

**वार्ड क्रमांक 11 की कहानी लोगों की जुबानी**

### अनुसूचित जाति बाहुल्य इस वार्ड में बीते तीन सालों में सड़क, नाली निर्माण सहित कई विकास कार्य हुए, लोगों को विकास कार्यों की दरकार है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हरिभूमि वार्ड-स्कैन

अब से तीन साल पहले हुए नगरीय चुनाव में 35 में से 4 वार्ड ऐसे थे, जिनमें मतदाताओं ने भाजपा-कांग्रेस जैसी मुख्य पार्टियों को दरकिनार कर कर निर्दलीयों पर भरोसा जताया था। इन्हीं चार वार्डों में से एक 11 नंबर वार्ड भी है। यहां के मतदाताओं ने बीजेपी-कांग्रेस प्रत्याशी को अनदेखा कर निर्दलीय लोकेन्द्र वर्मा पर भरोसा इस उम्मीद से किया था कि वार्ड में उम्मीद अनुरूप विकास कार्य होंगे। लेकिन वार्ड स्कैन के दौरान वार्डवासियों ने कहा कि जैसी उम्मीद थी वैसे विकास के काम नहीं हो रहे।

गौरतलब है कि शहर का वार्ड क्रमांक 11 अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड है। तीन साल पहले हुए नगरीय निकाय चुनाव में बीजेपी ने यहां नीरज जाटव को उम्मीद बनाया था, जबकि कांग्रेस से नरेन्द्र खंगराले मैदान में थे, वहीं निर्दलीय के रूप में लोकेन्द्र वर्मा सहित अन्य थे। रोचक मुकाबले में श्री वर्मा ने बीजेपी के नीरज जाटव और कांग्रेस के नरेन्द्र खंगराले को पराजित कर विजयश्री हासिल की थी। श्री वर्मा को 749 मत प्राप्त हुए थे, जबकि दूसरे नंबर पर बीजेपी के नीरज जाटव थे, जिन्हें 609 वोट मिले थे, इस तरह लोकेन्द्र वर्मा ने यह मुकाबला 140 वोटों के अंतर से जीता था। लोकेन्द्र वर्मा के विजयश्री हासिल करने पर वार्ड में जश्न का माहौल था, लोगों ने उम्मीद की थी कि अब इस अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड के दिन बदलेंगे। हालांकि लोगों की उम्मीद अनुरूप में वार्ड में विकास कार्य नहीं हो सके।

### दो महापुरुषों के नाम से स्थल, दोनों की अनदेखी




वार्ड क्रमांक 11 में सबसे खास बात यह है कि इस वार्ड में दो महापुरुषों के नाम से स्थल हैं, जिनमें रविदास मंदिर और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क। यह दोनों स्थल इस वार्ड को शहर के अन्य वार्डों से प्रमुख रूप से भिन्न बनाते है। हालांकि दोनों ही प्रमुख स्थलों की अनदेखी है। संत रविवास मंदिर के आसपास बाउंड्री नहीं होने से जानवर दिन भर मंदिर के ओटले पर बैठे रहते हैं और गंदगी करते हैं, जिससे वार्डवासियों को दुख होता है। इसी तरह डॉ. भीमराव पार्क भी विकास के इंतजार में है। पार्क के अंदर दिन भर मवेशी बैठे रहते हैं, झूले टूटे हुए हैं, पेवर ब्लॉक निकल रहे हैं।

### डेढ़ साल से आ हा गंदा पानी

वार्ड स्कैन के दौरान वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड के कुछ क्षेत्रों में बीते डेढ़ सालों से नलों से गंदा पानी आ रहा है। यह गंदा पानी पीने योग्य नहीं है, ऐसे में क्षेत्रीय लोग वार्ड में जिन घरों में बोरखनन या हैंडपंप लगे हैं, वहां से पीने योग्य पानी भरकर लाते हैं। नागरिकों ने बताया कि कई बार पार्षद श्री वर्मा को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं।



## क्या बोले वार्ड नंबर 00 के रहवासी

### आस्था का केन्द्र है मंदिर



वार्ड में संत रविदास जी का मंदिर है। यह हमारी आस्था का केन्द्र है, लेकिन बाउंड्रीवाल नहीं होने से यहां दिन भर मवेशी बैठे रहते हैं और गंदगी करते हैं। बाउंड्रीवाल का निर्माण होना चाहिए।

**टीटू कचनेरिया,** वार्डवासी

### सामुदायिक भवन बने



वार्ड में सामुदायिक भवन नहीं है, जिससे छोटे-मोटे कार्यक्रम करने में वार्डवासियों को परेशानी आती है। वार्ड में ही संत रविदास मंदिर के सामने ही समाज की खाली जगह पड़ी है, यहां सामुदायिक भवन बने तो खासी सहूलियत हो।

**भूपेंद्र जाटव,** वार्डवासी

### गंदा पानी आ रहा



वार्ड में स्थित हमारे क्षेत्र में नलों से बीते डेढ़ साल से गंदा पानी आ रहा है, जो पीने योग्य नहीं है। इस समस्य से कई बार पार्षद सहित नपा के जिम्मेदारों को भी अवगत कराया, लेकिन ध्यान नहीं दिया।

**मीना महोबिया,** वार्डवासी

### साफ-सफाई का अभाव



वार्ड में लखन कुशवाह के बगीचा के आसपास साफ सफाई का अभाव रहता है। नगर पालिका की ओर से 3-4 महीने में एकाध बार सफाई कराई जाती है। हम स्वयं ही अपने घरों के सामने स्थित गलियों में साफ सफाई करते हैं।

**गीता बाई,** वार्डवासी

### मेन सडक़ ही खराब है



वार्ड क्रमांक 11 की यह प्रमुख सडक़ है। लेकिन यह पूरी तरह से उखड़ गई है। हमारे वार्ड में कोई विशेष काम नहीं है। पार्षद से कोई शिकायत नहीं है। वार्ड की इस प्रमुख सडक़ को बनवाना चाहिए।

**मनोहर राय,** वार्डवासी

### कोई शिकायत नहीं



पार्षद जी से कोई शिकायत नहीं है। वार्ड में साफ सफाई ठीक से होती है। नलों से पानी भी एक दिन छोड़कर आता है। स्ट्रीट लाईटों की व्यवस्था भी ठीक है। कोई परेशानी नहीं। नाली ज्यादा गहरी होने से सफाई अच्छे से नहीं हो पाती।

**श्री कुंवर विश्वकर्मा,** वार्डवासी

### सड़कें पुरानी हो गईं



वार्ड की गलियों में मौजूद अनेक सड़कें पुरानी हो गई, रही सही कसर सीवजे काम ने कर दी। सीवेज के काम से सभी सड़कें उधड़ गई है। नगर पालिका को इन सडक़ों को फिर से बनाना चाहिए।

**गोकुल प्रसाद सेन,** वार्डवासी

### मंदिर व पार्क व्यवस्थित हो



वार्ड में संत रविदास मंदिर है, जिसके आसपास बाउंड्री नहीं है, इसलिए दिन भर यहां मवेशी बैठे रहते हैं। वहीं दूसरी ओर वार्ड में संविधान निर्माता के नाम से अंबेडकर पार्क है, उसकी भी अच्छे से देखरेख को होना चाहिए।

**नीरज जाटव,** बीजेपी प्रत्याशी रहे

### कोई काम नहीं कराया



वार्ड पार्षद द्वारा वार्ड कोई नया काम नहीं कराया है। वार्ड में रविदास मंदिर के सामने सामुदायिक भवन बनना था नहीं बना, खटीक मोहल्ले की पुलिया का निर्माण नहीं हो सका, अंबेडकर पार्क में पेवर ब्लॉक उखड़ गए, अनदेखी हो रही है।

**नरेंद्र खंगराले,** कांग्रेस प्रत्याशी

### हरिभूमि की अपील



पिछले अन्य दो वार्डों की भांति वार्ड क्रमांक 11 में भी हरिभूमि वार्ड स्कैन किया गया। समस्या और अच्छाई दोनों को देखने का प्रयास किया गया, जैसा वार्डवासियों ने बताया वैसा ही प्रकाशित किया गया है। फिर भी हरिभूमि वार्डवासियों से अपील करता है कि यदि हमसे समस्याएं छूट गई हो या वार्ड में अन्य विशेष समस्याएं हो तो वाट्सअप नं. 9755123812 पर फोटो वीडियो भेजे, ताकि समस्याओं को लेकर भी वार्ड की दूसरी खबर प्रकाशित की जा सके।

### काम कराए जा रहे



वार्ड में प्राथमिकता से काम कराए जा रहे हैं। रविदास मंदिर की जगह व सामने पड़ी जगह के दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो पा रहे, जिसकी वजह से नपा से बाउंड्रीवाल स्वीकृत कराने में दिक्कत आ रही है। अंबेडकर पार्क का जीर्णोद्वार करने की स्वीकृत मिल गई है, जल्द ही काम की शुरुआत होगी।

**लोकेंद्र वर्मा,** पार्षद पार्षद वार्ड क्र. 11




### पांचवें दिन भी जारी रहा किसानों का जल सत्याग्रह आंदोलन

# थाली बजाकर जताया विरोध, अफसरों ने किसानों के बीच नदी में जाकर लिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

किसानों का जल सत्याग्रह शनिवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। थाली बजाकर किसानों ने अपनी नाराज़गी जताई और प्रशासन को चेताया कि जब तक फसल बीमा राशि का भुगतान नहीं होगा, उनका आंदोलन जारी रहेगा। सीहोर जिले की सीवन नदी में किसान पानी में खड़े होकर अपनी आवाज़ बुलंद कर रहे हैं। इस दौरान प्रशासनिक अमला और कृषि विभाग के अधिकारी शनिवार को सीवन नदी पहुंचे और किसानों की बात सुनी। अधिकारी खुद पानी में उतरकर किसानों के बीच गए



और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन लिया। कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कमल सिंह ठाकुर ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांग शासन तक पहुँचाई जाएगी।

**5 सालों से किसानों को फुटी कोड़ी नहीं मिली :** जल सत्याग्रह का नेतृत्व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा और किसान नेता हिम्मत सिंह मेवाड़ा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि बीमा योजना का लाभ राजस्थान से एक साथ जारी किया गया। फिर मध्यप्रदेश के किसानों के साथ छलावा क्यों हुआ? किसानों ने चेताया कि यदि जल्द ही बीमा राशि नहीं दी गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।



## नीलकंठ मंडी सातदेव सहित अन्य स्नान घाटों पर पुलिस बल रहा तैनात, दान पुण्य कर पितरों के लिए किया तर्पण

# शनि अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने नर्मदा में लगाई डुबकी, किसानों ने की अच्छी फसल की कामना

नर्मदा का जल लेकर मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और पूजा - अर्चना आरती की प्रसादी ली। किसानों ने अच्छी फसल होने की मनोकामनाएं की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





शनिवार को नर्मदा तटों पर पोलापर्व व शनि अमावस्या पर स्नान के लिए बड़ी संख्या श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातःकाल से ही घाटों पर श्रद्धालुओं के आने एवं स्नान-पूजन का दौर शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में नर्मदा घाटों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने दुपकी लगाई और दानपूर्ण किया। नर्मदा का जल लेकर मन्दिरों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और पूजा ,अर्चना आरती की प्रसादी ली। किसानों ने परिवार की खुशहाली और अच्छी फ़सल होने की मनोकामनाएं की।

**पोला पर्व किसानों की बेलो की पूजा अच्छी फ़सल की कामना भी की :** पोला पर्व और शनि अमावस्या पर नर्मदा तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही नर्मदा के प्रसिद्ध नीलकंठ सातदेव, छीपानेर घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नर्मदा में स्नान कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने परिवार की खुशहाली और अच्छी फसल की कामना की। इस दौरान कई मंदिरों पर भजन-कीर्तन और पूजा अर्चना कर आरती और प्रसादी की। लगातार हो रही बारिश के चलते नर्मदा नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए। भैरुंदा थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी के अनुसार, नीलकंठ मण्डी सातदेव सहित अन्य स्नान घाटों पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने घाटों पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोका। वहीं स्थानीय गोताखोरों होमगार्डों की तैनाती भी रही। पोला पर्व अमावस्या पर ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने अपने बैलों को सजाकर उनकी पूजा की। वहीं बैलों को सजाकर गांव में झांकी निकालने की पुरानी प्रथा है, यह परंपराएं वर्षों से चली आ रही हैं। बेल पोला पर्व अमावस्या के अवसर पर किसानों ने स्नान कर मां नर्मदा मैया से अच्छी वर्षा और फसल की मनोकामनाएं की। पुलिस प्रशासन की सतर्कता और श्रद्धालुओं के अनुशासन से घाटों पर शांतिपूर्ण माहौल बना रहा।

## खबर संक्षेप

### 13 नवंबर को होगा अंतिम प्रकाशन

**सीहोर।** सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जाएगा। जिन नगरीय निकायों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्ध के लिये किया जा चुका है, उनके लिये यह लागू नहीं होगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवम्बर 2025 को होगा। रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति तथा जिला स्तरीय प्रशिक्षण 25 अगस्त तक किया जाएगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड और अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिये जाएंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 27 अक्टूबर तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 13 नवम्बर 2025 को किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी कर दिये गये हैं।

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सीहोर।** वर्षा ऋतु में होने वाली जलजनित बीमारियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और दूषित जल से होने वाले रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियाँ अपनाएँ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध जल का उपयोग करने एवं जलजनित रोगों से सुरक्षा के लिए सलाह दी गई है। दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियाँ होने की संभावना बढ़ जाती है। एडवाइजरी में कहा गया है कि रोगों से बचने के लिए सावधानियाँ और सुरक्षा उपाय अपनाकर स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित करें। स्वास्थ्य विभाग एडवाइजरी में कहा है कि खानपान के लिए सदैव स्वच्छ एवं सुरक्षित उबला अथवा फिल्टर जल का ही प्रयोग करें।

## नई शिक्षा नीति पर आयोजित हुई एक महत्वपूर्ण शिक्षक संगोष्ठी

**सीहोर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, सीहोर में नई शिक्षा नीति पर एक महत्वपूर्ण शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय शिक्षण संस्थाओं में शैक्षिक नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना। इस अवसर पर बी ई ओ मैडम दीपा कीर ने संगोष्ठी में कहा कि जिले के सभी चयनित शिक्षकों ने शिक्षक संगोष्ठी प्रतियोगिता में शानदार व्याख्यान दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्ष और जिला समन्वयक प्राचार्य सुनीता जैन मैडम ने कहा कि शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न आयामों से परिचित कराना और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना था।

विशेष अतिथि के रूप में आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर के प्राचार्य आलोक शर्मा ने कहां कि शिक्षक संगोष्ठी में उपस्थित छात्रों को सोचने, समझने और समस्याओं को रचनात्मक तरीके से हल करने में सक्षम बनाना है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंकुर शर्मा, ने नवाचार, रचनात्मकता को स्पष्ट करते हुए, बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने गुरु, आचार्य सांदीपनि से 64 कलाओं को 64 दिन में सीखकर पृथ्वी की विसंगतियों में सुधार कर दिया था। उक्त कथन से




नवाचार की सार्थकता सिद्ध होती है। प्रतियोगिता में शिक्षकों ने उच्च स्तरीय और सराहनीय संबोधन से नई शिक्षा नीति की गुणवत्ता को स्पष्ट किया है। संगोष्ठी में चर्चा परिचर्चा से ज्ञात हुआ कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने में अहम भूमिका निभाएगी।

संगोष्ठी में प्रतियोगिता कर रहे सभी शिक्षकों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षार्थियों के सर्वांगीण विकास और 21वीं सदी के कौशल पर जोर देती है। संगोष्ठी में नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें शिक्षा को अधिक समग्र, बहु-विषयक और व्यावसायिक बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही, शिक्षकों ने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर भी विचार किया। एक्सीलेंस विद्यालय के ऐतिहासिक मंच से कार्यक्रम का संचालन कर रहे , माधव सिंह यादव ने शानदार संचालन कर, कार्यक्रम के समापन अवसर पर खुशबू राठौर, शास. उमावि. चरनाल और संजय श्रीवास्तव, सांदीपनि विद्यालय भैरुंदा को विजेता घोषित किया गया। शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। उक्त दोनों विजेता प्रतिभागी , राज्य स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे।

डॉक्टर राजेंद्र देशमुख सर ने प्रतिभागी शिक्षकों व सम्माननीय मंच पर उपस्थित अधिकारी गण का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्माननीय निर्णायक मंडल समिति में सर्व डॉ. दीपक बिसोरिया, सुषमा श्रीवास्तव मैडम, सुनीता जैन मैडम एवं आयोजन समिति में, एन एस एस ऑफिसर डी के राय सर, संतोष सोनी सर,डॉ. देवेंद्र साहू सर,जय किशन जोशी सर, मनोज व्यास सर, माधव सर,सहित वरिष्ठ वर्ग के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## लाडकुई के पीएम-श्री स्कूल को मिला लाइट हाउस का दर्जा

**भैरुंदा।** शिक्षा के क्षेत्र में जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि के रूप में भैरूंदा तहसील के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाडकुई को लाइटहाउस पीएम-श्री स्कूल का प्रतिष्ठित दर्जा दिया गया है। यह सम्मान पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार और नई शिक्षा नीति 2020 के सफल कियान्वयन के लिए दिया जाता है। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि देश भर के 664 और मध्य प्रदेश के लगभग 700 पीएम-श्री स्कूलों में से लाडकुई को चुना गया है। यह स्कूल अब शिक्षा के क्षेत्र में एक मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत के रूप में कार्य करेगा।

**क्या है 'लाइट हाउस' का दर्जा :** 'लाइटहाउस' का दर्जा उन स्कूलों को दिया जाता है जो शिक्षा के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता के विकास पर भी जोर देते हैं। ये स्कूल 'लीडर इन मी' जैसे कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करते हैं, जिससे छात्रों में नेतृत्व के सिद्धांत और सकारात्मक सोच विकसित होती है।

लाडकुई स्कूल ने अपनी सराहनीय शैक्षिक पहलए 21वीं सदी के कौशलों पर आधारित शिक्षा और छात्रों के समग्र विकास के प्रति




अपनी प्रतिबद्धता के कारण यह प्रतिष्ठित दर्जा हासिल किया है।

**पीएम-श्री योजनाः शिक्षा का नया युग :**

यह सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'प्रधानमंत्री स्कूल्स फॉर राइजिंग इंडिया' (पीएम-श्री) योजना का हिस्सा है। इस योजना के तहत देश भर के लगभग 14,500 मौजूदा स्कूलों को आधुनिक बनाया जा रहा है। ये स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विशेषताओं को लागू करने वाली प्रयोगशालाओं के रूप में काम कर रहे हैं। इन स्कूलों में स्मार्ट कक्षाएं, खेल सुविधाएं और नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही इन्हें पर्यावरण के अनुकूल 'ग्रीन स्कूल' के रूप में भी विकसित किया जा रहा है।

**भोपाल में सम्मान समारोह :** लाडकुई स्कूल की इस सफलता पर भोपाल में आयोजित एक सम्मान समारोह में स्कूल के प्राचार्य विजय कुमार नागर को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। आयुक्त शिल्पा गुप्ता और संचालक डीएस कुशवाहा ने स्कूल के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि यह अन्य स्कूलों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। लाडकुई की यह सफलता अन्य विद्यालयों को भी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

## स्वर्गीय भारतीय ने साहित्य के प्रत्येक पहलुओं को गहराई से समझा : रघुवर दयाल गोहिया




**सीहोर।** स्थानीय रैंबो प्ले स्कूल के सभागार में मूर्धन्य पत्रकार स्वर्गीय अंबादत भारतीय जी की 12वीं पुण्य तिथि पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद के बैनर तले विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार प्रमोद जोशी ने की। मुख्य अतिथि समाजसेवी आशीष गहलोत रहे। विशेष अतिथि सर्व ओम दीप, भाजपा नेता कमलेश कटारे एवं डॉ. एस . आर. गट्टानी रहे। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार एवं अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता संग्रहालय एवं शोध संस्थान के अध्यक्ष रघुवर दयाल गोहिया ने भारतीय जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जी बहुमुखी प्रतिभा संपन्न व्यक्तित्व थे। पत्रकारिता के अलावा सामाजिक सरोकारों के प्रति उनका गहरा समर्पण था। 1965 से लेकर 2012 तक वह अपनी कलम निर्भीकता से चलाते रहे। पार्वती आंदोलन, तोप चोरी कांड, नव ज्योति संगठन के अभा कवि सम्मेलन, संपूर्ण साक्षरता अभियान, रंगकर्म जैसी विधाओं में आपने अपनी क्षमता और दक्षता का बखूबी परिचय दिया। अपने हर काम को वह पूरी जिम्मेदारी, सादगी और पूर्णता के साथ करते थे। साहित्य के हर पहलू को उन्होंने गहराई से समझा। आज अनेक पत्रकार और साहित्यकारों के रूप में उनके शिष्य भारतीयजी का नाम रोशन कर रहे हैं। इनके अलावा साहित्यकार हरिओम शर्मा दाऊ, रामनारायण राठौर, जयमल सिंह रजपाल, पंडित रामचंद्र शर्मा इंजीनियर बाबा, ओम दीप, डॉ. प्रदीप एस. चौहान ने भी अपने विचार रखे। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्व. भारतीय जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना कवि गोविंद लोवानिया ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया ।

## भूगोल शब्द वेदों से आया है : आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी

**सीहोर।** तप-पुरूषार्थ करने वाला ही ईश्वर क्रपा पाने का अधिकारी होता है।आलसी व्यक्ति ईश्वर आज्ञा का उल्लंघन करता है।ज्ञान मुक्ति का साधन है जबकि दुखों का मूल अज्ञान है। भूगोल शब्द वेदों से आया है अन्य मतों में विज्ञान विरूद्ध बाते हैं,वेद अपुरोषीय हैं।यह विचार महर्षि दयानंद मार्ग गंज स्थित आर्यसमाज मंदिर में जारी वेदकथा के दौरान बिजनौर उ.प्र. से पधारे वैदिक विद्वान आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने व्यक्त किए।।

उन्होंने कहा कि गायत्री को गुरु, सविता व महामंत्र भी कहा जाता है।इसके अर्थ में हमें पापों से छुड़ाने तथा बुद्धियों को प्रकाशित करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई है।आचार्य वेदार्थी ने कहा कि इतिहास से विभिन्न मजहब मत सम्प्रदाय से उनके प्रवर्तकों को हटा दिया जाए,तो वह धाराशायी हो




जायेंगे,किंतु सनातन वैदिक धर्म-संस्कृति किसी व्यक्ति पर आधारित नही है।मनुष्य केजीवन से धर्म निकल जाने से वह पशु तुल्य रह जाता है।

मोक्ष का अर्थ दुखों,जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति है।सर्वज्ञ ईश्वर कभी मनुष्य की परीक्षा नही लेता है। सोमवार से जारी वेद प्रचार सप्ताह का समापन रविवार को गंज स्थित राठौर धर्मशाला में प्रातः08 बजे वृहदयज्ञ में शामिल 101जोड़ों द्वारा प्रदत्त पूर्णाहूति से दोपहर 12 बजे होगा।संचालन आर्यसमाज के प्रधान नरेश आर्य ने किया एवं आभार रमेश आर्य ने व्यक्त किया।इसके पूर्व भजनोपदेशक प.भीष्म आर्य के गीतों,भजनों की संगीतमयी प्रस्तुतियों को श्रोताओं ने जमकर सराहा। कार्यक्रम में वैदिक प्रवक्ता संतोषसिंह,उपप्रधान तरुण जगवानी,मंत्री रितेश आर्य,आर. एस गौर,राजेन्द्र राठौर,बाबूलाल राठौर,सुरेंद्र राठौर,रामदीन राठौर सहित बड़ी संख्या में आर्यजन श्रद्धालु,महिलाएं शामिल रहे।

## अनियमितताओं को रोकने के लिए जांच दल ने किया मेडिकल दुकानों का निरीक्षण, एक मेडिकल दुकान को किया गया सील

**सीहोर।** नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार मेडिकलों से विक्रय होने वाले वाली दवाओं एवं मेडिकल दुकानों पर अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा जिले के ग्राम बकतरा क्षेत्र स्थित मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल



द्वारा आराध्य मेडिकल, उपकार मेडिकल, नैतिक मेडिकल, शिवांगी मेडिकल, सुहानी मेडिकल एवं न्यू सौम्या मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जांच दल द्वारा मेडिकल दुकानों में साफ सफाई, दवाओं के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, एक्सपायर्ड दवाओं का रख-रखाव तथा प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय आदि की जांच की गई। जांच के दौरान नैतिक मेडिकल स्टोर द्वारा क्रय विक्रय की जानकारी सहित वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। जानकारी नहीं देने पर इस मेडिकल दुकान को सील कर दिया गया है।

## देशी गाय के गोबर व मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाएं घर-घर स्थापित करने का दिया संदेश

# मूर्ति बनाने के लिए महिलाओं ने बच्चों दिया प्रशिक्षणः घर-घर में विराजेंगी गोबर और मिट्टी से बनी इको फ्रेंडली बप्पा की प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

भादों मास और शुक्ल चतुर्थी दिन बुधवार 27अगस्त को शुभ मुहूर्त में गणेश प्रतिमा की स्थापना की जाएंगी। इस समय गणेश उत्सव को लेकर बड़े, युवा और मातृशक्तिया सहित नन्हें, मुन्ने बच्चों में काफी उत्साह भी देखने को मिल रहा है। वहीं देशी गाय के गोबर और मिट्टी से बनी गणेश मूर्तियां की स्थापना करने, कई गतिविधियां से महिलाएं, पुरुष, युवा छोटे नन्हें मुन्ने बच्चे मिट्टी और गोबर से गणेश जी की मूर्तियां बनाकर जागरूकता अभियान चलाकर एक संदेश भी दे रहे हैं।

महिला समन्वय जिला संयोजिका राधिका जैमिनी ने बताया मिट्टी और गोबर में पांच तत्वों का वास माना जाता है, गोबर में मां लक्ष्मी का वास होता है। जब भी कोई शुभ कार्य करते हैं तो देवी




देवताओं के स्थान को गाय के गोबर से लीपा जाता है, इस गणेश उत्सव पर स्वयं के हाथों से श्री गणेश प्रतिमा बनाकर घरों में, उत्सव पर देशी गाय व मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमा को अपने घर घर में बिराजमान करे। भादो मास के आते ही जगह गणेश उत्सव की पूर्व तैयारी होने लगी है ,इसी तत्वाधान सेवा भारती,महिला समन्वय मातृशक्ति , की बहनों द्वारा 21. अगस्त रविवार समय 5:00 बजे स्थान गायत्री मंदिर में श्री गणेश प्रतिमा का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।सभी बहने आए और आने वाले गणेश स्थापित करें ,पूजा अर्चना कर ,धूमधाम से उत्सव मनाए ,उत्सव के उपरांत गणेश जी की प्रतिमा को साफ पात्र में साफ जल में ही विसर्जन किया जा सकता है ।एवं इस जल का उपयोग गमले वृक्ष में भी किया जा सकता है। जिससे पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान दिया जा सकता है। भगवान श्री गणेश की प्रतिमा इको फ्रेंडली रहेगी। जिससे प्रदूषण नहीं फैलता है।

**सबसे सुंदर गणेश प्रतिमा बनाने पर पुरस्कृत किया जाएगा**

आज रविवार को जो भी मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी बहने सीखकर घर से प्रतिमा बनाकर लाएंगी ,उन्हें प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सभी बहने और मातृशक्ति आए और लाभ ले।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण मुस्तफा हुसैन आ. मेहमूद हुसैन निवासी फिश मार्केट सीहोर के स्वत्व व अधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम गोपालपुरा तह. व जिला सीहोर जिसका खसरा क्र. 20/4(s) रकबा 0.074 है., एवं विक्रेता श्री मुर्तजा हुसैन आ. श्री अब्दुल हुसैन निवासी अमर टॉकीज के पास ,फायर ब्रिगेड रोड सीहोर के स्वत्व व अधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम गोपालपुरा तह. व जिला सीहोर जिसका खसरा क्र. 19/1/2(s)-157/22/1/2 रकबा 0.344 हैं. भूमि को क्रय करने का टोकन राशि अदा कर दी गई है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति विशेष, वित्तिय संस्थान या बैंक, सोसायटी, शासकीय निगम, शासकीय या अर्द्धशासकीय विभाग या निकाय अथवा किसी भी अन्य संस्थान को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित रूप में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त अवधि अवसान होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी। तथा मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति के संबंध में अनुबंधपत्र निष्पादित कराये जाने हेतु स्वतंत्र होगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित होवे।

भवदीय, हिमांशु कटारे (एडवोकेट),
इंग्लिशपुरा मैंने रोड सीहोर मो. 9826883024

### भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में महिलाओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

# 'कांग्रेस में हिम्मत है तो लाड़ली बहनों को बोरी में भरकर दिखाएं'

### उधर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष व जिपं सदस्य ने भी रखे अपने-अपने पक्ष, सौंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची के पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा में जिपं सदस्य द्वारा लाड़ली बहनों के संबंध में दिए गए बयान को लेकर सियासत काफी गर्मा गई है। इस मामले में अब दोनों ही दल आमने-सामने आ चुके हैं।

शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता दुबे, जिला महामंत्री नीलम सक्सेना के नेतृत्व में अनेकों लाड़ली बहनों ने जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर काफी समय तक प्रदर्शन और नारेबाजी की। हाथों में तख्तियां और बोरे लेकर पहुंची महिलाओं ने कहा कि 'अगर कांग्रेस में हिम्मत है तो हम लाड़ली बहनों को बोरे में भरकर दिखाएं। उधर, जिला पंचायत सदस्य यशवंत गुर्जर ने भी ब्यावरा में प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपाईयों द्वारा उनके बयान को एडिट करके गलत तरह से प्रस्तुत किए जाने का आरोप लगाया।

वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने भी माचलपुर में कई महिलाओं के साथ नायब तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर एक



ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में कईं लाड़ली बहनों के नाम योजना से हटाने का जिक्र किया। उन्होंने लाड़ली बहनों को 3 हजार रुपए प्रतिमाह देने के लोक-लुभावन वादे को लेकर भाजपा को आड़े हाथों लिया। बहरहाल, जो भी हो लेकिन लाड़ली बहनों के संबंध में दिए गए उक्त बयान ने जिले में राजनैतिक सरगर्मी बढ़ा दी है।

#### मंगल भवन से रैली निकालकर कांग्रेस कार्यालय पहुंचीं महिलाएं

कांग्रेस कार्यालय जाने के पूर्व लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित कई महिलाएं सहित भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मंगल भवन में एकत्रित हुईं। यहां उन्होंने कांग्रेस नेता द्वारा लाड़ली बहनों के बारे में दिए गए बयान की कठोर शब्दों में निंदा की और आने वाले समय में कांग्रेस को सबक सिखाने का संकल्प लिया। जिला महामंत्री नीलम सक्सेना ने कहा कि महिलाओं के प्रति कांग्रेस नेता के इस अपमानजनक बयान की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। लाड़ली बहनें आने वाले समय में अपने साथ हुए अपमान का बदला अवश्य लेंगी। इस अवसर पर जिला मंत्री अनीता वर्मा, कंचन सोनी, अमिता मंडलोई, सुनीता व्यास, अंजुम खान, सबा खान, लाड़कुंवर केलवा, सुनीता विश्वकर्मा, अर्चना आचार्य सहित कईं महिलाएं उपस्थित थीं।

#### इंका नेता यशवंत गुर्जर ने भी रखा अपना पक्ष, सौंपा ज्ञापन

उधर, कांग्रेस नेता यशवंत गुर्जर जिन पर लाड़ली बहनों को बोरे में भरने जैसा बयान देने के आरोप हैं, उन्होंने अनेकों महिलाओं के साथ पहुंचकर प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने लाड़ली बहनों का हमेशा सम्मान किया और सम्मान करता आया हूं। मेरा मकसद वह नहीं था जो बीजेपी के नेता तोड़-मरोड़कर जनता के सामने परोस रहे हैं। मैं तो खुद लाड़ली बहनों की लड़ाई लड़ हूं। सरकार ने लाड़ली बहनों को दी जाने वाली राशि 3 हजार रुपए करने की घोषणा की थी जो आज तक नहीं की गई है। नई महिलाओं के नाम योजना में जोड़ने के संबंध में मप्र सरकार ने पोर्टल भी बंद कर दिया है। मेरे साथ जो महिलाएं आई हैं उनका कहना है कि वे सरकार को बोरे में भरेंगी। माता-बहनों को कोई ठेस पहुंची हो तो मैं क्षमा चाहता हूं और मैं सभी माता-बहनों के साथ हूं।

# अपार आईडी एवं आधार संशोधन के लिए कॉलेज में लगा विशेष शिविर

### उच्च शिक्षा विभाग एवं लोक सेवा केंद्र के सहयोग से हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ में शुक्रवार को अपार आईडी एवं आधार में संशोधन हेतु विशेष शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार तथा लोक सेवा केंद्र राजगढ़ की टीम के सहयोग से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विपिन बिहारी खरे ने कहा कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाना उच्च शिक्षा विभाग व महाविद्यालय की प्राथमिकता है।

इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों को तत्काल समाधान उपलब्ध कराते हैं और उनकी शैक्षणिक प्रगति में सहायक सिद्ध होते हैं। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाना, अपार आईडी में मिसमैच सुधार एवं आधार कार्ड में संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराना था। आधार कार्ड संशोधन का कार्य आधार सुपरवाइजर हेमराज गुर्जर एवं आधार ऑपरेटर हरिओम भिलाला के सहयोग से किया गया। उक्त शिविर की नोडल अधिकारी डॉ. सुनीता साहू रहीं जिन्होंने जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों को सूचना प्रेषित कर विद्यार्थियों को इस सुविधा से जोड़ा। इस अवसर पर डॉ. रामगोपाल दांगी, प्रो. प्रकाश अहिरवार, डॉ सुभाष कुमार दांगी तथा अन्य शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा। शिविर में कुल 22 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने आधार कार्ड एवं अपार आईडी संबंधी संशोधन करवाएं।

#### जिला संयोजक ने बच्चों को बांटे बैग



**राजगढ़।** शासकीय प्राथमिक स्कूल रूघनाथपुरा जनशिक्षा केंद्र कन्या उच्च माध्यमिक खिलचीपुर में शुक्रवार को जिला बेग उपहार योजना मैं कक्षा 1 के बच्चों को आदिवासी कल्याण विभाग की जिला संयोजक निशा जैन द्वारा बैग वितरण किया गया। जिसमें जनशिक्षक रामेश्वर दांगी और प्रधानाध्यापक ममता शर्मा शिक्षक शिवनारायण दांगी एवं निलेश चौरसिया उपस्थित रहे।

### राजगढ़ एसडीएम ने पहुंचाया अस्पताल

## हादसाः बकरी से बचाने के चक्कर में बाइक सवार दंपती घायल



**सारंगपुर।** संडावता मार्ग पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी अनुसार बाइक से घर जा रहे आत्माराम पिता भंवर लाल तथा उनकी पत्नी संजू बाई पति आत्माराम धाकड़ के सामने अचानक बकरी आ गई। बकरी को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक असंतुलित होकर गिर गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

इसी दौरान मौके से गुजर रहीं राजगढ़ एसडीएम निधि भारद्वाज ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तुरंत अपना शासकीय वाहन रुकवाया। उन्होंने न केवल घायलों की हालत जानी बल्कि तत्काल अपने वाहन में बैठाकर उन्हें सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष चैहान अपनी टीम के साथ पहले से मौजूद थे,जिसमें डॉ नयन नागर ने तुरंत घायलों का उपचार प्रारंभ किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि एसडीएम भारद्वाज की संवेदनशीलता व त्वरित निर्णय से बड़ी अनहोनी टल गई और घायलों को समय पर जीवनरक्षक उपचार मिल पाया।

बच्चों के साथ अधिकारियों ने किया संवाद, भोजन भी परखा

## जिले की शालाओं में पढ़ने की आदत विकसित करने रीडिंग कैंपेन शुरू

### स्कूल प्रबंधक मध्यान भोजन संचालक को हटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शासन के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान 2025 के अंतर्गत अप्रैल माह से ही शालाओं में बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बच्चों की पठन क्षमता और पढ़ने की आदत विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालय पुस्तकालय की सक्रियता एवं नियमित संचालन पर जोर दिया जा रहा है।

आगामी अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की तैयारी के तहत जिले की शालाओं में रीडिंग कैंपेन का आयोजन प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत कहानी सुनाओ पहल चलाई जा रही है, जिसके तहत विद्यालयों में उपलब्ध पुस्तकों में से चयनित पुस्तक का वाचन या कहानी वाचन बच्चों के साथ किया इसके लिए प्रत्येक शाला में एक-एक लोकसेवक को नामित किया गया है। नामित लोकसेवक अपनी आवंटित शालाओं में 22 अगस्त 2025 को पहुँचकर पुस्तकालय रीडिंग कॉर्नर का अवलोकन किया तथा पुस्तकालय संचालन हेतु आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही वे बच्चों के साथ पुस्तक वाचनध्कहानी वाचन कर अभियान को गति प्रदान की, इस अभियान के तहत माध्यमिक विद्यालय बलोड़ी में एसडीएम रोहित बम्होरे एसडीओपी अरविंद सिंह ने पहुंच कर स्कूली बच्चों से संवाद किया और मध्यान भोजन भी परखा। इस दौरान बीआरसी बीएल वर्मा, को निर्देश दिए कि स्कूल प्रबंधक एवं मध्यान भोजन संचालक को हटाने की कार्यवाही की।

## महिलाओं को साथ कांग्रेस ने प्रदर्शन कर दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**माचलपुर।** ब्लॉक वा नगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीदार रामनिवास धाकड़ को सौंपा। जिसमें लाड़ली बहना योजना में की बिना किसी जांच पड़ताल पात्र बहिनों को वंचित रखा व जुड़े नमो में काट छाट कर लाडली बाहनाओ को वंचित रखा हुआ है। साथ सरकार ने चुनाव के समय 3 रुपए माह देने का वादा किया था दो वर्ष होने के बाद भी उक्त राशि नहीं देकर लाडली बहिनों के साथ छलावा किया जा रहा है अगर उक्त घोषणा अनुसार नहीं बढ़ाई जाती तो बहनों के साथ जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियवृत सिंह ने कहा कि कांग्रेस नारी सम्मान में हमेशा आगे रही पहली महिला प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति,लोकसभा अध्यक्ष कांग्रेस ने बनाई थी आज केंद्र भाजपा सरकार के रहते मणिपुर में महिलाओं की क्या दुर्गति हो रही ये पूरा देश देख रहा।

## माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान से दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सारंगपुर के तत्वाधान में माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को आजीविका मिशन सभा गृह में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं घर-घर मिट्टी के गणेश की स्थापना को बढ़ावा देना। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों द्वारा मां भारतीय के चित्र पर मालार्पण किया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया, प्रशिक्षण में प्रस्फुटन समितियों के सदस्य छात्र-छात्राएं एवं विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान समाजसेवी सुशील व्यास ने कहा कि मिट्टी गणेश प्रतिमाएँ विसर्जन के बाद प्राकृतिक रूप से मिट्टी में मिल जाती हैं, जिससे प्रदूषण नहीं होता। वहीं प्लास्टर ऑफ पेरिस (पी.ओ.पी.) की मूर्तियाँ पानी में घुलती नहीं हैं, जिससे जल प्रदूषण फैलता है और जलीय जीवों को नुकसान होता है। श्री व्यास ने प्रतिभागियों को मिट्टी प्रतिमा निर्माण की प्रक्रिया भी समझाई।

## राणी सती दादी का उत्सव मनाया जा रहा धूमधाम से

**माचलपुर।** नगर में राणी सती का दो दिवसीय उत्सव प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी खरेशवाला परिवार द्वारा बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम डेली पूजा उपरांत भोलाराम मंदिर से राणी सती दादी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई जिसमे बैंडबाजो की धुन पर राणी सती की दादी की आकर्षक पालकी युवा अपने कंधों पर लेकर चल रहे थे ये यात्रा नगर के मुख्यमार्गो से होकर निकली जिस पर नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा उत्सव स्थल अग्रवाल धर्मशाला पहुंची जहां दादी का अभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए फिर सकरा भोग एवं आरती हुई दादी का मंगला चरण, झाबर झोल्या भोग दर्शन तथा जागरण वा भजन संध्या आयोजित हुई जिसमे उपस्थित भक्तों द्वारा पुरी रात्रि राणी सती दादी के भजनों की प्रस्तुति दी।

## नरसिंहगढ़ में डिजिटल बारकोड डोर नंबर प्लेट अभियान शुरू



**नरसिंहगढ़।** शुक्रवार को नपा ने नगरीय क्षेत्र के सभी भवनों, दुकानों और होटलों पर डिजिटल बारकोड युक्त डोर नंबर प्लेट लगाने का अभियान शुरू किया है। सम्बंधित एजेंसी के साथ नपा की सर्वे टीम प्रत्येक वार्ड में अभियान चलाकर प्लेट लगाने कार्य करेगी। इस सम्बंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि यह प्लेट विशेष रूप से बारकोड युक्त होगी। इसके माध्यम से संबंधित परिवारध्भवन की समस्त जानकारी डिजिटल रिकॉर्ड में उपलब्ध रहेगी और भविष्य में नगर पालिका कर भी सीधे इसी बारकोड से जमा किए जा सकेंगे। प्रत्येक भवन, दुकान एवं होटल के लिए 120 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। नपा का कहना है कि आगे चलकर सभी सेवाएं इसी बारकोड डोर प्लेट से जुड़ेंगी। इसलिए नागरिक अनिवार्य रूप से प्लेट लगवाएं।

## सारंगपुर नपा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में अव्वल

**सारंगपुर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे के नेतृत्व में सारंगपुर नगर पालिका ने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण कर एक बार फिर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। जानकारी के अनुसार, आम नागरिकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई गई विभिन्न प्रकार की शिकायतोंकृजिनमें जल प्रदाय संबंधी 01, राजस्व संबंधी 02, स्वच्छता संबंधी 04, प्रकाश व्यवस्था संबंधी 02, प्रधानमंत्री आवास से जुड़ी 06, निर्माण संबंधी




01 तथा स्थापना संबंधी 02 शिकायतें शामिल थींकृका समय पर और संतोषजनक समाधान कराया गया। सीएम हेल्पलाइन डैशबोर्ड पर जारी जुलाई 2025 की ग्रेडिंग में नगर पालिका परिषद सारंगपुर को 100 प्रतिशत रेटिंग प्राप्त हुई, जिससे नगर पालिका ने पुनः जिले में अव्वल स्थान हासिल किया। सीएमओ सुनहरे ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं और नगर पालिका द्वारा प्रदत्त सेवाओं को सुगमता से आमजन तक पहुँचाना सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने की आवश्यकता न पड़े। साथ ही यह भी कहा गया कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक निराकरण करने के लिए शिकायतकर्ताओं से सीधे संपर्क स्थापित किया जाए।

## सरकारी स्कूलों के बच्चों को वितरित की पुस्तकें, पैंसिल, कवर रोल



**राजगढ़।** विनायक शिक्षा एवं संस्कृति प्रचार समिति अनवरत रूप से समाज में शिक्षा की अलख जगाने सहित अन्य सामाजिक कार्य करती आ रही है। इसी कड़ी में समिति के अध्यक्ष एवं केरियर कान्वेंट स्कूल के संचालक राकेश पांडे ने अपने पिताजी स्वर्गीय एमके पांडे की पुण्यतिथि पर शासकीय प्राथमिक शाला प्रतापगंज एवं प्राथमिक विद्यालय कराड़िया पहुंचकर सभी छात्र-छात्राओं को सुंदर लेखन अभ्यास हेतु गिनती लेखन, स्वर लेखन, व्यंजन लेखन, कर्सिव इंग्लिश लेखन की पुस्तिकाएं वितरित की। इसके साथ ही बच्चों को पैंसिल एवं कवर रोल भी वितरित किए गए। बच्चों को सुंदर लेखन के तरीकों के साथ उसके महत्व तथा आवश्यकता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्थाओं के शिक्षक श्रृष्टि पांडे, ऊषा हाड़ा, गंगा सौंधिया, नरेंद्र जाधव, सीमा सोनी, मनोज पुष्पद, मुकेश प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे। स्टाफ सदस्यों ने संस्था का आभार भी व्यक्त किया।

#### रीडिंग कैम्पेन अभियान में पहुंचीं खिलचीपुर एसडीएम



**राजगढ़।** शासकीय प्राथमिक स्कूल रूघनाथपुरा जनशिक्षा केंद्र कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय खिलचीपुर स्कूल चलें अभियान 2025 के अंतर्गत बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम के आयोजन में रीडिंग कैम्पेन के लिए कहानी सुनाओ अभियान पहल के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी खिलचीपुर अंकिता जैन ने विद्यालय में उपस्थित होकर कहानी सुनाई जिसमें खिलचीपुर बीआरसी नौशाद अली खान, अनुपम फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश दाँगी, प्रधानाध्यापक ममता शर्मा, शिक्षक शिवनारायण दाँगी एवं निलेश चैरसिया और ग्रामीण,विद्यार्थीयो के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# गांव तो डूब गया 'साहब' बच्चों का भविष्य ही बचा लीजिए, स्कूल बिल्डिंग का फंड मौजूद बस जगह नहीं

### सरकारी जमीनों पर लोगों से जमा रखा है कब्जा, बीईओ बोले - जमीन मिल जाए तो पैसे की कोई दिक्कत नहीं
### वर्तमान में निजी बिल्डिंग में स्कूल लगाने को मजबूर हैं शिक्षक, प्रशासन चाहे तो निकल सकता है समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

दूधी गांव तो मोहनपुरा डेम के भराव में डूब गया और उसका मुआवजा भी संबंधित ग्रामवासियों को मिल गया। इसी के साथ ही दूधी में मासूम बच्चों का प्राथमिक स्कल भी डूब गया।

हालात यह है कि पिछले कई सालों से निजी बिल्डिंग में बच्चों का भविष्य संवारने में लगे है शिक्षक परंतु यह सिर्फ एक बैकल्पिक व्यवस्था का हिस्सा है न ही तो बच्चों को समय पर मिड डे मील मिल रहा है और न ही खेल कूद के लिए उचित स्थान जहां पर गाय- भैंस बांधी जाती है ठीक उसके पास ही बच्चों को पढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों और अविभावकों को इंतजार है कि जब उनके नौनिहाल भी आगे बढ़ेंगे और प्रशासन इसमें उनकी मदद करें।

#### डूब के बाद बची जमीन पर कर रखा है ग्रामीणों ने कब्जा

शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हमारे पास स्कूल के लिए फंड मौजूद है बस जगह की कमी है। हमने कोशिश की परंतु सराकारी जमीन पर लोगों का कब्जा है ऐसे में स्कूल के लिए ही जगह मिलना मुश्किल हो रहा है। यदि राजस्व को ग्रामीण मदद करें तो हम स्कूल बनाने के लिए तैयार है। जिसिसे बच्चों का भविष्य संवारा जाए। पिछले कई सालों से हम बिल्डिंग के लिए जमीन की मांग कर रहे है।

#### 200 बीघा सरकारी जमीन फिर भी नहीं बन पर रहा स्कूल

ग्रामीणों का कहना है कि डूब के बाद भी 200 बीघा



सरकारी जमीन है लेकिन फिर भी न ही आंगनबाडी भवन और न ही प्राथमिक स्कूल ही बन पा रहा। वहीं दूसरी तरफ बहुत बड़ा राधा स्वामी आश्रम बना है, जहां सैकड़ों बीघा सरकारी जमीन दबा रखी है। आश्रम में भी स्कूल लगाने की गुहार लगाई लेकिन जगह नहीं दी गई है। ग्रामवासियों में नवल सिंह गूदेन, जंगल सिंह, कुणाल गूदेन आदि का कहना है कि हमने कई बार एसडीएम,सीईओं बीईओ को लिखित में आवेदन दिए परंतु अभी तक कोई हल नहीं निकल पाया है।

#### इनका कहना है...

ग्राम दूधी के ग्रामीणों ने शाला भवन के लिए आवेदन दिया है। तहसीलदार से जांच रिपोर्ट मंगवाई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद तत्काल उचित कार्रवाई की जाएगी।

गीतांजलि शर्मा, एसडीएम ब्यावरा

हमारे पास स्कूल निर्माण के लिए फंड की कोई परेशानी नहीं है। यदि जमीन मिल जाए तो हम स्कूल निर्माण के लिए तैयार हैं।

दिलीप शर्मा, बीईओ ब्यावरा

**खबर संक्षेप**

## चंद्र दर्शन गणेश चतुर्थी के दिन होता है हानिकारकः पं शर्मा

**सीहोर।** गणेश चतुर्थी पर चंद्र दर्शन करना श्रद्धालुओं के लिए हानिकारक होता है। खास बात यह है कि मिट्टी से बनाई हुई भगवान श्री गणेश की प्रतिमा जहां शीतलता प्रदान करेंगी वही प्राकृतिक संतुलन में भी सहायक होगी। प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनाए जाने वाली प्रतिमाएं पर्यावरण को हानि पहुंचाने का काम करती हैं तो वहीं मिट्टी से बनी प्रतिमाएं नदी तालाब सरोवर की मिट्टी में घुलकर धरती की उपयोगिता बढ़ाने में सहायक होती है। गणेश चतुर्थी के संबंध में पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को प्रथम पूज्य भगवान गणेश माता पार्वती के द्वारा अवतरण हुआ था। इस दिन को भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाए जाने की परंपरा है। पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि भाद्रपद गणेश चतुर्थी सोमवार 27 अगस्त को चित्रा नक्षत्र मैं रहेगी 26 अगस्त को दोपहर 01:54 बजे चतुर्थी तिथि शुरू होगी और 27 अगस्त को दोपहर 03:44 बजे समाप्त होगी, उदया तिथि के अनुसार, 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक मनाया जाएगा। श्रद्धालुओं द्वारा भगवान गणेश के 12 नामों सुमुख, एकदंत, कपिल, गजकर्ण, लंबोदर, विकट, विघ्नविनाशक, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचंद्र, गजानन के साथ स्तुति की जाएगी। चतुर्थी को भगवान गणेश की मिट्टी की प्रतिमा की स्थापना भक्तों के लिए समृद्धी कारक होगी। पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि इस बार गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक की समय अवधि में त्रीपुष्कर योग व सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। वर्तमान समय में चतुर्मास चल रहा है और इन 4 मास में सृष्टि का भार भगवान शंकर संभालते हैं और शिव परिवार द्वारा इन 4 माह में सृष्टि का संचालन किया जाता है।

### मुसीबतों से भरा हुआ आष्टा-पचोर नेशनल हाईवे क्रमांक 752 सी का सफर, जिम्मेदार बने अभी तक बेखबर

# वाहनों से टोल वसूलने के बाद भी कई स्थानों पर रोड की हालत खराब, बड़ी-बड़ी दरारें बन रहीं दुर्घटना का कारण






पटरिया गोयल के पास नेशनल हाईवे का मेंटनेंस किए बिना खडतकर कंस्ट्रक्शन कंपनी नागपुर वाहनों से वसूल रही टोल राशि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जहां पूरे देश में कई नेशनल हाईवे खराब अवस्था में पहुंच गए हैं, तो ऐसा ही कुछ आष्टा से गुजरने वाला पचोर शुजालपुर नेशनल हाईवे क्रमांक 752 सी भी खराब अवस्था में पहुंच गया है। रोड का कई स्थानों पर बेस खराब हो गया है। साथ ही जानलेवा गड्ढे भी हो गए हैं। जबकि इस हाइवे पर टोल पूरा वसूला जा रहा है। लेकिन सफल खतरे वाला साबित हो रहा है। बता दें कि आष्टा से भोपाल इंदौर हाईवे भी गुजरता है जहां उसका भी कई स्थानों पर बेस खराब है और वहां कई बार वाहन अनबैलेंस हो जाते हैं। ऐसा ही कुछ हाल आष्टा पचोर शुजालपुर हाईवे का है। यहां नेशनल हाईवे 752 सी है। लेकिन देखरेख के अभाव में इस हाईवे पर खतरे वाला सफल हो गया है। पचोर से आष्टा करीब 85 किलोमीटर हाईवे तलेन, पचोर, अरनिया, तिलावत, मेना होकर आष्टा से गुजरता है। इस हाइवे पर टोल वसूली भी की जा रही है। आष्टा के पास 14 किलोमीटर दूर पटारिया गोयल में टोल कंपनी वाहनों से टोल टैक्स से वसूल रही है। लेकिन सुरक्षा के नाम पर अनदेखी हो रही है। सुजालपुर से आष्टा की ही बात की जाए तो 46 किलोमीटर के बीच हकीमाबाद काजीखेड़ी, पटरिया मैना, तिलावत, अरनिया सहित कई क्षेत्र में रोड का बेस खराब है। रोड के बीच बीच में लंबा गैप होने से बाइक सवार इसमें फंस जाते हैं। लगातार इसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है। लेकिन अभी तक गैप भी सही नहीं किया। साथ ही आष्टा से सुजालपुर के बीच कई स्थानों पर जानलेवा गड्ढे भी हो गए हैं। नेशनल हाईवे होने के बाद भी टोल टैक्स पूरा वसूल ले जा रहा है। लेकिन रोड का देखरेख नहीं की जा रही है। इस मार्ग पर आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं।

#### 5 साल का टेंडर फिर भी लापरवाही

नेशनल हाईवे 752 सी का 5 साल का टेंडर देखरेख का हुआ है। लेकिन इस मार्ग की क्या हालत है वह तो जो इस मार्ग से वाहन ले जाते हैं वही जानते हैं। जबकि 3 साल पहले जून 2019-20 से टोल वसूली हो रही है। पटरिया गोयल में खडतकर कंस्ट्रक्शन के सीसी कंपनी नागपुर वाहनों से टोल वसूल रही है। कार से 35, बस ट्रेक 125, बड़े फोर व्हीलर वाहन 195 रुपए, ओवर फोर व्हीलर वाहन 240 रुपए, साथ ही नॉन फास्ट ट्रैक वाहन से कार से 70, बस ट्रक 250 अन्य बड़े वाहन 390 से 480 तक वसूला जा रहा है। 3 मई 2025 से इसका टोल वसूलने का ठेका है। टोल मैनेजर देवेंद्र राजपूत ने बताया कि हमारा सिर्फ टोल वसूली का काम है रोड का मेंटेनेंस का काम नेशनल हाईवे का है।



#### नागरिक बोले-रोड खराब तो टोल टैक्स किस बात का कर रहे वसूल?

आष्टा से शुजालपुर तरफ जा रहे बाइक सवार राहुल मेवाड़ा और दीपक मेवाडा ने बताया कि सुजालपुर से आष्टा के बीच टोल टैक्स तो वसूला जा रहा है लेकिन रोड खराब है। जब रोड खराब है तो टोल टैक्स क्यों वसूला जा रहा है पहले रोड ठीक किया जाए उसके बाद ही टोल टैक्स वसूला जाए। कई स्थानों पर दुर्घटनाएं सिर्फ रोड खराब की वजह से हो रही है। रोड का बेस भी खराब है और कई जगह जानलेवा गड्ढे भी है। पीडब्ल्यूडी विभाग आष्टा के एसडीओ अनमोल मिश्रा ने बताया कि पचोर आष्टा नेशनल हाईवे का मार्ग है। यहां हमारे अधीन नहीं है।

## पंडित प्रदीप मिश्रा के खिलाफ कोर्ट में याचिका की गई दायर

**पुलिस को जांच प्रतिवेदन देने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर के नजदीक स्थित कुबरेश्वर धाम में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जन सैलाब उमड़ता है इस दौरान बड़ी घटनाएं हो जाती है हाल ही में आयोजित हुए कार्यक्रम में सात लोगों की मौत हो गई थी मामले में पुलिस ने समिति पर कोई कार्रवाई नहीं की है इस बात को लेकर इंदौर के एडवोकेट प्रकाश यादव ने सीहोर आकर पहले मंडी थाना पुलिस में शिकायत पत्र दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई जो अब सीहोर जिला न्यायालय में याचिका लगाइए जिसके बाद न्यायालय ने मंडी थाना पुलिस को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है अगली सुनवाई 13 सितंबर को है। जानकारी के अनुसार सीहोर जिला मुख्यालय के लगभग 11 किलोमीटर दूर स्थित है कुबेरेश्वर धाम ।

यहां कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा समय-समय पर बड़े धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं इस दौरान होने वाली घटनाओं को लेकर अब आवाज उठने लगी है बताया गया है की कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कभी भगदड़ , कभी धक्का मुक्ति , तो कभी अज्ञात कारण से लोगों की मौत हो जाती है भोपाल इंदौर हाईवे पर कई बार कई किलोमीटर लंबा जाम लगता है। ऐसे अनेक कारणों को लेकर एडवोकेट प्रकाश यादव ने कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

मामले में कोर्ट ने मंडी थाना पुलिस को जांच प्रतिवेदन देने को कहा है अगली सुनवाई 13 सितंबर को है।उल्लेखनीय है कि इस माह धाम में बड़ा धार्मिक आयोजन हुआ था और सीवन नदी से कुबेरेश्वर धाम तक कावड़ यात्रा निकाली गई थी, इस दौरान तीन दिन में सात लोगों की अलग अलग कारणों से मौत हो गई थी और पुलिस ने मात्र डीजे संचालकों पर मामला दर्ज किया था।एडवोकेट प्रकाश यादव द्वारा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सीहोर के न्यायालय में दाखिल याचिका में पंडित प्रदीप मिश्रा और विटलेश सेवा समिति को विभिन्न धाराओं में आरोपी बनाने की मांग की गई है।

## बुधनी के दो प्राइवेट स्कूलों की मान्यता रद्द, तीन चरणों में स्कूल की मान्यता खारिज



**बुधनी।** शासन के नियमों का उल्लंघन करने वाले दो निजी स्कूलों की मान्यता राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने निरस्त कर दी है। इनमें सरस्वती ज्ञान मंदिर एस.जी.एस. इंग्लिश मीडियम स्कूल और ज्ञानस्थली स्कूल, गुरुबाबा कॉलोनी, माना बुधनी जिला सीहोर शामिल हैं। निदेशक (आरटीई) सचिन तिवारी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि दोनों विद्यालयों ने मान्यता नवीनीकरण की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं कीं। यह कार्रवाई निवाली ग्राम बांया, तहसील रेहटी निवासी शरण कुमार तिवारी और श्रवण कुमार तिवारी की शिकायत पर की गई है। राज्य शिक्षा केंद्र ने जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र सीहोर को निर्देश दिए हैं कि नियमों का पालन सुनिश्चित करते हुए आगे की कार्रवाई की जाए। साथ ही कलेक्टर सीहोर और मॉनिटरिंग सेल को भी इस निर्णय की सूचना भेजी गई है।

#### तीन चरणों में हुई मान्यता समाप्त

जिन स्कूलों की मान्यता निरस्त की गई है, उनकी मान्यता तीन चरणों में खारिज हुई है। सबसे पहले सीहोर जिले से मान्यता निरस्त की गई। इसके खिलाफ स्कूल संचालकों ने कलेक्टर सीहोर के समक्ष अपील की, जिसे कलेक्टर ने भी खारिज कर दिया। इसके बाद मामला राज्य शिक्षा मिशन पहुँचा, जहाँ मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा मिशन ने भी उक्त स्कूलों की मान्यता निरस्त करने के आदेश दिए।

**मणि शंकर शर्मा,** बीआरसी

## विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह से की भेंट, किसान फसल बीमा राशि दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




हाल ही में मप्र के किसानों के खाते में डाली गई क्लेम की राशि के बाद अब जल्द से जल्द किसानों को बीमा राशि मिले की मांग सहित अन्य मांगों एवं किसानों की समस्याओं के निराकरण करने को लेकर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओ को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह से भेंट कर किसानों के खाते में बीमा राशि डलवाने, व अन्य समस्याओं,मांगो को से अवगत कराया। कृषि मंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने सभी रखी गई मांगो एवं बताई गई समस्याओं को सुना और जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव का भी स्वागत किया। इस अवसर पर जावर, आष्टा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कल्याणसिंह ठाकुर, खुमानसिंह पटेल, सोनू गुणवान, कृपालसिंह ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता साथ थे।

#### मिट्टी के गणेश बनाने दिया प्रशिक्षण

**सीहोर।** जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर द्वारा ऑथेंटिक पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल ग्राम पचामा में पर्यावरण संरक्षण हेतु माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत मूर्ति निर्माण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय संचालक हेमेंद्र सिंह तोमर, प्रदीप सिंह सेंगर विकासखंड समन्वयक म. प्र. जन अभियान परिषद, सुनीता धुर्वे इंजीनियर लोक निर्माण विभाग, मास्टर ट्रेनर नीतू मेवाड़ा, सविता यादव, शालू कुशवाहा एवं पंकज रजक उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव के आव्हान पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश के समस्त विकासखण्डों में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्यों से माटी गणेश सिद्ध गणेश२ अभियान अंतर्गत मिट्टी की मूर्तियों के निर्माण हेतु लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिसमें नीतू मेवाड़ा एवं सविता यादव ने सभी को मूर्ति बनाना सिखाया, जिसके पश्चात सभी के द्वारा भगवान गणेश की माटी से निर्मित मुर्ति बनाई गई।

## क्रोध व्यक्ति को विनाश और पतन की ओर ले जाता हैः भंडारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिदपुर रोड श्री धर्मनाथ स्वामी कांच वाला जैन मंदिर पर्युषण महापर्व की आराधना के तृतीय दिवस वर्धमान स्वाध्याय मंडल के स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी ने धर्म सभा में कहा कि क्रोध व्यक्ति को विनाश और पतन की ओर ले जाता है क्रोध करने से प्रीति का नाश होता है क्रोध मान माया।

लोग इन चार प्रकार के कषायो में वशीभूत होकर ही व्यक्ति संसार बड़ा लेता है। दोपहर में दादावाड़ी में दादा गुरुदेव की महापूजन का भव्य आयोजन किया जिसका लाभ अमित जैन द्वारा लिया गया। रात्रि में धर्मनाथ जैन मंदिर में भक्ति भावना का प्रोग्राम वर्धमान जैन स्वाध्याय मंडल के प्रसिद्ध संगीतकार ऋषभ जैन राणावत व सचिन भंडारी द्वारा सुमधुर भक्ति गीत यह प्रार्थना दिल की बेकार नहीं होगी, भक्ति की है रात दादा आज थाने आणो है आदि सुमधुर गीतों पर उपस्थित समाज जनों ने भाव विभोर होकर परमात्मा के सामने नृत्य कर महान पुण्य का उपार्जन किया। इस मंगलकारी अवसर पर सकल धर्मनाथ जैन श्री संघ कमला टावर कांच वाला मंदिर के वरिष्ठ महानुभव, श्रावक, श्राविकाओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। जानकारी मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

### पयूर्षण पर्व पर जैन श्वेताम्बर समाज ने किया पोथाजी के वरघोड़े का आयोजन

# ज्ञान ही सर्वोपरि है बाकी सब मिथ्या हैः नम्रव्रता श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जैन धर्म ज्ञानपरक धर्म है। जैन धर्म में अवतारवाद की कोई अवधारणा नहीं होती है, इसमें यह माना जाता है कि लगातार अपने सुकर्म से ज्ञान अर्जित करके तीर्थंकर पद पाकर आम व्यक्ति भी मोक्ष प्राप्त कर सकता है अर्थात ज्ञान ही सर्वोपरि है। उक्त तथ्य अपने प्रवचन में साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी नें व्यक्त किये। ज्ञातव्य है गंज स्थित महावीर स्वामी श्वेताम्बर जैन मंदिर में इन दिनो साध्वीवर्या नम्रव्रता श्रीजी म.सा., मग्नव्रता श्रीजी म.सा. और मीतव्रता श्रीजी म.सा. का कल्याणकारी चातुर्मास गतिमान है जिसमें बह रही धर्म की गंगा में हर श्रद्धालु डुबकी लगाकर अपने मानव जीवन को सार्थक बना रहा है। साथ ही जैन श्वेताम्बर समाज का महापर्व पर्यूषण पर्व भी जारी है जिसमें साध्वीवर्या की पावन निश्रा में समाजजनो की तपस्या का तांता लगा हुआ है।प्रवक्ता अतुल सुराणा नें बताया कि जैन धर्म में का पवित्र ग्रंथ आगम ग्रंथो को माना जाता है जिनमें भगवान महावीर स्वामी के उपदेश संकलित है। यही जैन धर्म के दर्शन को व्यक्त करते हैं प्रत्येक जैन अनुयायी इन्हीं ग्रंथो के निर्देशानुसार ही अपनी जीवनचर्या निर्धारित करता है। इन ग्रंथो को पोथाजी भी कहा जाता है। इन्हीं ग्रंथो को




लेकर इनकी विधिवत पूजा-अर्चना के साथ इनकी शोभायात्रा निकाली जाती है। जिसे पोथाजी का वरघोड़ा भी कहा जाता है। जिसमें भगवान को भी चांदी की पालकी में भक्तजन पूजा के वस्त्रो में नगर भ्रमण करवाते है। इसी का आयोजन पर्यूषण पर्व के दौरान श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा किया गया जिसकी शोभायात्रा श्री मालव गिरनार तीर्थ प्रभु नेमिनाथ के किला स्थित मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार, बुधवारा, गल चौराहा, कन्नौद रोड स्थित जैन दादावाड़ी , अदालत रोड, सुभाष चौक, जैन श्वेताम्बर गंज मंदिर होती हुई पुनः किला मंदिर पर जाकर समाप्त हुई।इस शोभायात्रा में भगवान की पालकी को आकर्षक ढंग से सजाया गया है जिसें समाजजन पूजा के वस्त्रो में अपने कंधे पर लेकर चल रहे थे। नन्हें बालक नें पोथाजी को अपने सिर पर रखकर पूरी शोभायात्रा करवाई। जगह-जगह पर समाजजनों नें भगवान की पालकी का चावल की गवली करके स्वागत किया। पूरी शोभायात्रा में बैण्ड के साथ भजन गायक महेश वोहरा नें अपने सुरीले भजनो से समां बांधे रखा। पयूर्षण को विधिवत सम्पन्न कराने के लिये बाहर से पधारे सधार्मिक बंधुओ ने भी शोभायात्रा में सम्मिलत होकर नगर के श्वेताम्बर जैन समाज का मान बढ़ाया। समाज के सभी ट्रस्टो के अध्यक्ष, पदाधिकारी और समाजजन इस शोभायात्रा में उत्साह के साथ शामिल हुये तथा सभी महिला मण्डलो नें भी अपनी उपस्थिति से शोभायात्रा की गरिमा को बढ़ाया। पर्यूषण पर्व में अब भगवान का जन्म बड़े ही धूमधाम से दादावाड़ी, स्थानक, गंज मंदिर और किला मंदिर में रविवार को मनाया जायेगा। श्रीसंघ अध्यक्ष पवन सुराणा सहित ट्रस्ट अध्यक्ष रवीन्द्र रांका, नगीन वोहरा, लोकेन्द्र बनवट तथा नगीन सिंगी से सभी समाजजनो से अपील की है कि जैन श्वेताम्बर समाज का हर व्यक्ति प्रभु के जन्म वांचन आयोजन में सम्मिलित होकर जिनशासन की शोभा में अभिवृद्धि करे।